Rotary

# मालिनी
Club Bulletin & E-Newsletter
July-II 2025 Volume: 46, Issue: 02

UNITE FOR GOOD Rotary 2025 - 2026
RI President: Francesco Arezzo

# रोटरी क्लब कोटद्वार

(Rotary International Distt-3100 Charter Number:15354 Dt.21-06-1976 DG: Rtn.CA Nitin Agarwal)
Golden Jubilee Year (1975-76 to 2025-26)
"Service above Self"

अध्यक्ष –रो. ऋषि ऐरन सचिव –रो. विजय कुमार माहेश्वरी सम्पादक –रो. वाई. पी. गिलरा

# रोटरी क्लब कोटद्वार दूसरा वृक्षारोपण कार्यक्रम उत्सवपूर्ण सम्पन्न !

**(द्वारा - रो. धीरज धर बछुवान-प्रोजेक्ट चेयरमैन)**

शिवालिक पर्वत श्रृंखला के तलहटी में कोटद्वार, भारत नामधेय राजा भरत हस्तिनापुर की जन्म स्थली कण्वनगरी कोटद्वार के लछमपुर में स्थित नव स्थापित यूनिकस एकेडमी में किया गया। शिवालिक तराई-आर्क लैण्ड अपनी जैविकीय विविधता के खजाने के समान है भीमकाय हाथी और शौर्य शक्ति के प्रतीक बाघ का प्राकृतिक वास-स्थल है बाघ हिरण का वर्णन महाकवि कालीदास की रचना में मिलता है, पुरखों से संजोयी संरक्षित वन संरक्षण की भावना को आगे की पीढ़ियों तक जारी रखने की भावना से हर वर्ष एक जुलाई से वृक्षारोपण का कार्यक्रम शुरू होता है और तमाम सरकारी और गैरसरकारी संस्थायें इसमें बढ-चढ़ जनभागीदारी करते हुए हर्ष उल्लास से आयोजन करती है।

उत्तराखण्ड के सांस्कृतिक पर्व हरेला 16 जुलाई के अवसर वृहद रुप से सरकारी और गैरसरकारी संस्थाओं के साथ रोटरी क्लब कोटद्वार ने राजकीय महाविद्यालय परिसर कोटद्वार में वृक्षारोपण कार्यक्रम किया। साप्ताहिक कार्यदिवस में उपस्थित सदस्यों की संख्या यद्यपि 19 थी पर सभी सदस्यों की हसरत पूरी नहीं हुई तो रविवार के दिन यूनिकस एकेडमी में कार्यक्रम प्रस्तावित किया गया।

27 जुलाई तय कार्यक्रम के अनुसार दस बजे मध्य राह दुर्गापुर रोटेरियन अमित अग्रवाल के परिसर में एकत्रित होकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे रोटरी क्लब के सदस्यों के साथ, रोटरी एनिज़ , इनर व्हील क्लब आफ कोटद्वार के सदस्यों , एकेडमी के चेयरमैन, मैनेज्रियल और शैक्षिक स्टाफ के सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर भागीदारी की ।

## सावन महीने से पर्व की शुरुआत करता

हरियाली तीज पर्व की हरी-हरी पोशाकों और पहनावे से माहौल उत्सवपूर्ण हुआ। पूर्व में पंक्तिबद्ध खोदे गये गड्ढों में मोरपंखी, पेंसिल पाइन , ब्लू साईप्रस के पौधों का रोपण किया और फोटोग्राफी का आनंद लिया, बगल के हरे-भरे मालन खाम के जंगल, सामने दृश्यमान मालन नदी घाटी, हल्के उभरे दून और शिवालिक की हरी-भरी वादियों के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम स्थल उत्सव स्थल में परिवर्तित हो गया। वृक्षारोपण चेयरमैन धीरज धर बछुवाण के निर्देशन में संपन्न कार्यक्रम में कुल ३० लोगों ने भागीदारी की।

एकेडमी चेयरमैन के कक्ष में रोटरी क्लब कोटद्वार की जुलाई महिने की दूसरी क्लब बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान नगर महापौर श्री शैलेन्द्र सिंह रावत जी ने बैठक आयोजन में भागीदारी की तो उभय पक्षों ने एक दूसरे का आत्मीयता से स्वागत अभिवादन किया, कक्ष का माहौल प्रदीप्त आभायमान जीवंत हो गया।

क्लब, अध्यक्ष ऋषि ऐरन एवं सचिव विजय माहेश्वरी ने रोटरी क्रियाकलाप और गतिविधियों का, और विशेष रूप से इस वर्ष के लक्ष्यों और क्लब के **स्वर्ण-जयंती** कार्यक्रम की जानकारी दी एवं कोटद्वार नगर निगम के जन जागरुकता कार्यक्रमों में भागेदारी के लिए रोटरी क्लब की पेशकश की। नए सदस्य रो. उमंग मित्तल का हार्दिक स्वागत किया गया।

महापौर द्वारा कोटद्वार नगर निगम के जन समस्याओं को खुल कर बतलाने का आग्रह किया, तो इनर व्हील अध्यक्षा शिल्पी अग्रवाल , कुलदीप अग्रवाल, विपिन बक्शी, धीरज धर बछुवाण, वीना रावत आदि सदस्यों ने समस्याओं और सुझावों को बतलाया। महापौर जी कोटद्वार नगर निगम ने इस अवसर पर उठायी गयी समस्याओं की पृष्ठभूमि, अनुमानित समय-अवधि एवं संभावित समाधानों पर गम्भीरता से प्रकाश डाला। तीज पर्व के विशेष आकर्षण झूलों में झूलते हुए एनीज ने खूब आनंद उठाया, सुन्दर बैकग्राउंड में सेल्फी फोटोग्राफी की।